दिनांकः 17.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कनाडा के कनास्किस में जी–7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगें
- देश के अलग–अलग भागों में दो हजार ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल खोले जाएंगें
- राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानियों की सुविधा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए नया विभाग बनाएगीं
- विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस पर आज जोधपुर में राष्ट्रीय कार्यशालां
- प्रदेश में कल कई स्थानों पर बारिश हुई–शेखावाटी क्षेत्र में आज भारी बरसात की संभावनां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कनाडा के कनास्किस में जी–7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगें इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री लगातार छठी बार भाग ले रहे हैं श्री मोदी शिखर बैठक से अलग कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगें प्रधानमंत्री मोदी जी–7 और आमंत्रित देशों के नेताओं तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ वैश्विक मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगें इनमें ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार विशेष रूप से एआई, ऊर्जा तथा क्वांटम से संबंधित मुद्दे शामिल हैं

इससे पहले कल प्रधानमंत्री ने साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता कीं वार्ता में दोनों देशों के नेताओं ने रक्षा, समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने पर सहमति जताई प्रधानमंत्री ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दियां श्री मोदी ने बताया कि दोनों देशों ने आतंकवाद सहित कई मुद्दों पर नया तंत्र विकसित करने की घोषणा कीं

............

000

सरकार ने देश के अलग–अलग भागों में दो हजार ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल खोलने का निर्णय लिया हैं नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि ये प्रशिक्षण स्कूल देश के पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में खोले जाएंगे और इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगें उन्होंने कहा कि देश में करीब 22 लाख ड्राइवरों की कमी है और ये प्रशिक्षण स्कूल कुशल ड्राइवरों की कमी को पूरा करने में सहायक होंगें

000

राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानियों के लिए नया विभाग बनाएगीं प्रवासी राजस्थानियों की सुविधा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए इस विभाग का गठन किया जाएगां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन–2025 की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित बैठक में ये बात कहीं उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए सभी जिलों में अतिरिक्त जिला कलेक्टर को नोडल अधिकारी बनाया जाएगां मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के योगदान के सम्मान में राज्य सरकार आगामी 10 दिसम्बर को सम्मेलन आयोजित करेगीं जयपुर में होने वाले इस एक दिन के सम्मेलन में देश–विदेश से बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी शामिल होंगें सम्मेलन में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत सहयोग प्रदान कर रहे प्रवासी राजस्थानियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगां साथ ही सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्रों में योगदान करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगां

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 आज से आयोजित की जा रही हैं दो दिन चलने वाली ये परीक्षा अजमेर और जयपुर जिला मुख्यालयों पर 77 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में ली जा रही हैं आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि ये परीक्षा 1 हजार 96 पदों के लिए आयोजित की जा रही हैं इसमें 21 हजार 541 अभ्यर्थी शामिल होंगें

000

आज विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस हैं भूमि क्षरण को रोकने के उद्देश्य हर साल 17 जून को यह दिन मनाया जाता हैं इस वर्ष का विषय है – "भूमि क्षरण रोकें, अवसरों का लाभ उठाएं" इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जोधपुर स्थित शुष्क वन अनुसंधान संस्थान में "मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम रणनीति" पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करेंगें कार्यशाला में जलवायु लचीलापन, जैव विविधता और अनवरत ग्रामीण विकास के लिए भूमि संरक्षण के महत्व पर जोर दिया जाएगां इसमें वैज्ञानिक, नीति निर्माता, वन अधिकारी और नागरिक समाज संगठन भाग लेंगें इसके अलावा, भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ की ओर से 'फॉरेस्ट एंड फाइनेंसः अनलॉकिंग द पावर ऑफ कार्बन मार्केट्स एंड रेड' शीर्षक से एक वेबिनार आयोजित की जाएगीं

000

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि बीकानेर के जोड़बीड़ क्षेत्र में गिद्ध संरक्षण के उद्देश्य से वल्चर ब्रीडिंग सेंटर बनाया जाएगां वे कल जोड़बीड़ में आयोजित 'वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान' के तहत 'लव कुश वाटिका' के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अक्टूबर से मार्च तक सात दुर्लभ प्रजातियों के गिद्ध प्रवास पर आते हैं ऐसे में यहां 'वल्चर ब्रीडिंग सेंटर' बनाने की आवश्यकता हैं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पारम्परिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार प्रभावी काम कर रही हैं उन्होंने जल संरक्षण अभियान में जनता की भागीदारी की सराहना कीं

............

वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान के तहत विभिन्न मंत्रियों ने अपने–अपने प्रभार वाले जिलों में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लियां

000

21 जून को मनाये जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सिलसिले में प्रदेशभर में विभिन्न योगाभ्यास कार्यक्रम हो रहे हैं इनके माध्यम से लोगों को योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं जैसलमेर में योग दिवस को लेकर लोगों में विशेष उत्साह नजर आ रहा हैं जिले के धार्मिक और पर्यटन स्थलों के साथ–साथ ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं

............

000

प्रदेश में कल कई स्थानों पर मॉनसून पूर्व की बारिश हुई राजधानी जयपुर में रात को बरसात होने से लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिलीं जालौर के भीनमाल और आहेर में दिनभर उमसभरी गर्मी के बाद तेज बारिश हुई चूरू, भरतपुर, डूंगरपुर, बाडमेर, दौसा और सवाईमाधोपुर सहित विभिन्न स्थानों पर बरसात के समाचार हैं मौसम विभाग के अनुसार आज सभी संभागों के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ बारिश हो सकती हैं वहीं शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार हैं

इस बीच, बारां के अटरू क्षेत्र में बिजली गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गई और दो अन्य घायल हो गयें कोटा में चम्बल नदी की मवासा पुलिया के पास भी बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं किसानों ने प्री मॉनसून की बारिश के बाद खेतों को अगली फसल के लिए तैयार करना शुरू कर दिया हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 जून को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगीं

000